Roll No. ....................................

# DD–2067

## M. Com. (Final) EXAMINATION, 2020

(Compulsory)

Paper Second

ADVANCED COST ACCOUNTING

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 100*

नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

इकाई—1

(UNIT—1)

1. लागत लेखांकन का वर्णन कीजिए। इसके महत्त्व की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। लागत लेखांकन की विभिन्न पद्धतियों का भी वर्णन कीजिए।

Define cost accounting. Discuss the significance of cost accounting in brief. Also discuss the different methods of cost accounting.

अथवा

*(Or)*

निम्नलिखित सूचनाओं से जनवरी माह का स्टोर्स लेजर खाता फीफो विधि से बनाइए :

| | प्राप्तियाँ | | निर्गमन | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | इकाइयाँ | दर | तिथि | इकाइयाँ |
| 2019 | | ₹ | 2019 | |
| जनवरी 1 | 1000 | 40 | जनवरी 2 | 200 |
| जनवरी 10 | 400 | 39 | जनवरी 4 | 100 |
| जनवरी 16 | 300 | 41 | जनवरी 8 | 100 |
| जनवरी 24 | 600 | 40 | जनवरी 14 | 400 |
| | | | जनवरी 18 | 500 |
| | | | जनवरी 31 | 400 |

स्टोर्स सत्यापन प्रतिवेदन से पता चला कि जनवरी 12 को एक ग्राहक ने 40 इकाइयाँ दर ₹ 38 वापस कीं। जनवरी 13 को 10 इकाइयों की क्षति हुई तथा दूसरी 8 इकाइयों की कमी 27 जनवरी को हुई।

Prepare store ledger account according to FIFO method for the month of January from the following information :





| | Receipts | | Issues | |
|---|---|---|---|---|
| Date | Units | Rate | Date | Units |
| 2019 | | ₹ | 2019 | |
| January 1 | 1000 | 40 | January 2 | 200 |
| January 10 | 400 | 39 | January 4 | 100 |
| January 16 | 300 | 41 | January 8 | 100 |
| January 24 | 600 | 40 | January 14 | 400 |
| | | | January 18 | 500 |
| | | | January 31 | 400 |

The store verification report reveals that on 12th January refund of 40 units @ ₹ 38 from a customer. On 13th January 10 units are destroy and another shortage of 8 units on 27th January.

इकाई—2

**(UNIT—2)**

2. एक श्रमिक की मजदूरी 48 घंटे के निर्धारित सप्ताह के लिए ₹ 45 प्रति घण्टा है। एक इकाई को उत्पादित करने का अनुमानित समय 20 मिनट है। प्रेरणात्मक योजना के अन्तर्गत स्वीकृत समय 10% बढ़ाया गया है। उसने एक सप्ताह में 150 इकाइयों का उत्पादन किया। हाल्से एवं रोवन प्रीमियम योजनाओं के अन्तर्गत कुल पारिश्रमिक ज्ञात कीजिए।

A worker's wage for a guaranteed 48 hours week is ₹ 45 per hour. The estimated time to produce one unit is 20 minutes. Under the incentive scheme time allowed is increase by 10%, He produced 150 units, during a week. Calculate the total wages under Halsey and Rowan bonus plan.

अथवा

(*Or*)

उस्मान ट्रांसपोर्ट कम्पनी दो नगरों के बीच जो 50 किलोमीटर की दूरी पर है, 4 बसें चलाती है। प्रति बस की क्षमता 50 पैसेंजर है, परन्तु औसत बस 25% खाली चलती है। सभी बसें माह के सभी दिन चलती हैं तथा प्रत्येक बस प्रतिदिन एक खेप पूरा करती है। अप्रैल, 2019 माह के लिए कम्पनी की पुस्तकों से निम्नलिखित व्यय विवरण प्राप्त किए गए हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| ड्राइवर व कण्डक्टर की मजदूरी | 4,800 |
| कार्यालय स्टाफ को वेतन | 2,000 |
| डीजल, ऑयल आदि | 6,000 |
| मरम्मत | 3,600 |
| बीमा व सड़क कर | 4,000 |
| ह्रास | 4,400 |
| अन्य स्थायी व्यय | 4,000 |

निर्धारित कीजिए :

(अ) प्रति सवारी किमी. लागत।

(ब) एक शहर से दूसरे शहर का बस किराया जिसमें लाभ लागत का 50% हो।





Usman Transport Co. operates 4 buses between two cities which are 50 km apart. Capacity of each bus is 50 passengers but an average the bus runs 25% empty. All the buses run on all the days of the month. Each bus making a round trip each day. Following particulars of expenditure are obtained from the books of company for the month of April, 2019 :

| | ₹ |
|---|---|
| Wages of drivers and conductors | 4,800 |
| Salaries to Office Staff | 2,000 |
| Diesel, Oil etc. | 6,000 |
| Repairs | 3,600 |
| Insurance and Road Tax | 4,000 |
| Depreciation | 4,400 |
| Other Fixed Charges | 4,000 |

Find out :

(a) The cost per passenger kilometre.

(b) Bus fare to be charged from one city to another adding a profit of 50% on cost.

इकाई—3

(UNIT—3)

3. एकरूप लागत प्रणाली को परिभाषित कीजिए। एकरूप लागत प्रणाली के लाभों व सीमाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

Define uniform costing. Describe fully the advantages and limitations of uniform costing.

अथवा

(*Or*)

एक उत्पाद तीन प्रक्रियाओं 'अ', 'ब', 'स' से गुजरता है। प्रत्येक प्रक्रिया में सामान्य क्षय निम्न प्रकार है :

प्रक्रिया 'अ' में 3%, प्रक्रिया 'ब' में 5% तथा प्रक्रिया 'स' में 8%

'अ' प्रक्रिया का क्षय 25 पैसे प्रति इकाई, 'ब' प्रक्रिया का क्षय 50 पैसे प्रति इकाई तथा 'स' प्रक्रिया का ₹ 1 प्रति इकाई बेचा गया। अक्टूबर, 2019 के आरम्भ में 10000 इकाइयाँ ₹ 1 प्रति इकाई लागत दर पर 'अ' प्रक्रिया को निर्गमित की गईं। अन्य व्यय निम्नलिखित थे :

| | प्रक्रिया 'अ' | प्रक्रिया 'ब' | प्रक्रिया 'स' |
|---|---|---|---|
| | (₹) | (₹) | (₹) |
| विविध सामग्री | 1,000 | 1,500 | 500 |
| श्रम | 5,000 | 8,000 | 6,500 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 1,050 | 1,188 | 2,009 |

वास्तविक उत्पादन था :

प्रक्रिया 'अ'—9500 इकाइयाँ, प्रक्रिया 'ब'—9100 इकाइयाँ, प्रक्रिया 'स'—8100 इकाइयाँ

यह मानते हुए कि आरम्भिक व अन्तिम स्टॉक कुछ नहीं था, प्रक्रिया खाते बनाइए।

A product passes through three processes A, B and C. The normal wastage of each process is as follows :

Process A—3 percent, Process B—5 percent, Process C—8 percent





Wastage of Process A was sold at 25 paise per unit, that of Process B at 50 paise per unit and that of Process C at ₹ 1 per unit. 10000 units were issued to Process A in the beginning of October, 2019, at cost of ₹ 1 per unit. The following other expenses where as follows :

| | Process A | Process B | Process C |
|---|---|---|---|
| | (₹) | (₹) | (₹) |
| Sundry Materials | 1,000 | 1,500 | 500 |
| Labour | 5,000 | 8,000 | 6,500 |
| Direct Expenses | 1,050 | 1,188 | 2,009 |

Actual Output was :

Process A—9500 units, Process B—9100 units, Process C—8100 units

Prepare the Process Accounts, assuming that there was no Opening Stock or Closing Stocks.

## इकाई—4

## (UNIT—4)

4. बजटरी नियन्त्रण क्या है ? इसके उद्देश्य, लाभों तथा सीमाओं को बताइये।

What is Budgetary Control ? Point out its objectives, advantages and limitations.

अथवा

(*Or*)

किसी वस्तु के उत्पादन में प्रति इकाई प्रमाप सामग्री तथा प्रमाप मूल्य निम्नानुसार है :

| | | |
|---|---|---|
| सामग्री-X | 5 किग्रा. | दर ₹ 3 प्रति किग्रा. |
| सामग्री-Y | 10 किग्रा. | दर ₹ 2 प्रति किग्रा. |

500 इकाइयों के उत्पादन में प्रयुक्त सामग्री की वास्तविक मात्रा एवं लागत निम्नानुसार है :

| | | |
|---|---|---|
| सामग्री-X | 2800 किग्रा. | लागत ₹ 8,680 |
| सामग्री-Y | 4800 किग्रा. | लागत ₹ 10,560 |

निम्नलिखित विचरणों की गणना कीजिए :

(i) सामग्री लागत विचरण

(ii) सामग्री मूल्य विचरण

(iii) सामग्री प्रयोग विचरण

(iv) सामग्री संशोधित प्रयोग विचरण

(v) सामग्री मिश्रण विचरण

The standard quantity of material per unit and standard price for producing an item are as follows :

| | | |
|---|---|---|
| Material-X | 5 kg | @ ₹ 3 per kg |
| Material-Y | 10 kg | @ ₹ 2 per kg |

The actual quantity of material consumed and its cost for producing 500 units are as under :

| | | |
|---|---|---|
| Material-X | 2800 kg | Cost ₹ 8,680 |
| Material-Y | 4800 kg | Cost ₹ 10,560 |

Calculate the following variances :

(i) Material Cost Variance

(ii) Material Price Variance

(iii) Material Usage Variance

(iv) Material Revised Usage Variance

(v) Material Mix Variance





## इकाई—5
## (UNIT—5)

5. विभेदात्मक लागत क्या है ? सीमांत एवं विभेदात्मक लागत में अन्तर कीजिए। निर्णयन की प्रक्रिया को समझाइये।

What is differential costing ? Differentiate marginal and differential costing. Explain the process of decision-making.

अथवा

*(Or)*

एक कम्पनी के लागत-मात्रा-लाभ विश्लेषण को समीकरण $y = 2{,}40{,}000 + 0.7\ x$ द्वारा वर्णित किया गया है जिसमें $x$ विक्रय को और $y$ कुल लागत को दर्शाता है। निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) लाभ-मात्रा अनुपात

(ii) उत्पादन सीमा-स्तर बिन्दु

(iii) कम्पनी लाभ को ₹ 60,000 से बढ़ाना चाहती है, बिक्री क्या होगी ?

(iv) लाभ में वृद्धि यदि बिक्री ₹ 30,000 से बढ़ती है।

(v) ₹ 90,000 की आय कमाने हेतु इच्छित बिक्री की मात्रा।

The cost-volume-profit relationship of a company is described by the equation $y = 2{,}40{,}000 + 0.7\ x$ in which $x$ represents sales revenue and $y$ is the total cost.

Find out the following :

(i) P/V Ratio

(ii) Production Break-even point.

(iii) Company wants to increase profit by ₹ 60,000, what will be the sales ?

(iv) Increase in profit if sales increase by ₹ 30,000.

(v) Sales volume required to produce an income of ₹ 90,000.